# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला–कोरबा (छ.ग.)

दूरभाष एवं फैक्स नंबरः– 07759–221096, Mail id- deo-korba.cg@nic.in, deokorba.cg@gmail.com

## –// छः माह की संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन //–

क्रमांक / 606 /निर्वा.पर्य./स्थापना/वि.स.नि./2023–2024 कोरबा, दिनॉकः– 03/06/2023

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर का पत्र क्रमांक/241/स्था/वि.स.नि./2023/1651/रायपुर दिनांक 11.05.2023 के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अतिरिक्त कार्य को सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय जिला–कोरबा (छ.ग.) एवं जिले के विधानसभा क्षेत्रों के अनुविभागीय अधिकारी (रिटर्निंग आफिसर) कार्यालयों के लिए स्वीकृत अस्थाई पदों (सहायक ग्रेड–03 एवं भृत्य) को संविदा आधार पर पूर्ति किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों से दिनांक 09.06.2023 तक रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट एवं व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आवेदन कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला–कोरबा छ.ग. के पते पर सायं 05:30 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। विज्ञापन की विस्तृत शर्ते जिले के वेबसाईट www.korba.gov.in में अपलोड है। उक्त के अतिरिक्त कार्यालयीन समय पर कार्यालय के सूचना पटल पर भी अवलोकन किया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदनों पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जावेगा। पदों का विवरण निम्नानुसार हैः–

**1. सहायक ग्रेड 03 (संविदा) :– दिनांक 01.06.2023 से 30.11.2023 तक (छः माह) के लिए**

| क्रमांक | श्रेणी/वर्ग | श्रेणी/वर्गवार पद संख्या | | | | योग | एकमुश्त मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | महिला | निःशक्तजन | भूतपूर्व सैनिक | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | अनारक्षित | 02 | – | – | – | 02 | 14200/– |
| 2. | अनु.जाति | – | – | – | – | 00 | |
| 3. | अनु.जन.जाति | 02 | – | – | – | 02 | |
| 4. | अन्य पि.वर्ग | 01 | – | – | – | 01 | |
| | योगः– | 05 | – | – | – | 05 | |

**2. भृत्य (कलेक्टर दर) :– दिनांक 01.06.2023 से 30.11.2023 तक (छः माह) के लिए**

| क्रमांक | श्रेणी/वर्ग | श्रेणी/वर्गवार पद संख्या | | | | योग | एकमुश्त मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | महिला | निःशक्तजन | भूतपूर्व सैनिक | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | अनारक्षित | 02 | – | – | – | 02 | कलेक्टर दर |
| 2. | अनु.जाति | 01 | – | – | – | 01 | |
| 3. | अनु.जन.जाति | 02 | – | – | – | 02 | |
| 4. | अन्य पि.वर्ग | 01 | – | – | – | 01 | |
| | योगः– | 06 | – | – | – | 06 | |

उक्त अस्थाई पदों की पूर्ति के संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय में दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) क्रमांक–19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्याधीन होगी। वर्गवार पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।

**–: शैक्षणिक अर्हताएं :–**

**सहायक ग्रेड–3 (संविदा) पद हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यताः–**

1. किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,

   अथवा

   पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षाा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण।
2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र

   तथा
3. कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5000 की(key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति (गति के लिये कौशल परीक्षा ली जायेगी।)

**भृत्य (संविदा) पद हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यताः—**

1. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा संस्था से कक्षा 5वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

**मासिक मानदेय :—**

उपर्युक्त तालिका के कॉलम नं. 8 में उल्लेखित राशि प्रतिमाह भुगतान होगी। इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, महंगाई भत्ता, क्षतिपूरक भत्ता, गृहभाड़ा भत्ता की पात्रता नहीं होगी।

**आयु सीमाः—**

उपरोक्त सभी संवर्गीय पदों के लिए अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01.01.2023 को 18 वर्ष से कम तथा छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय—समय पर जारी किये गये निर्देशो के तहत् सभी छुटों को मिलाकर अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। आयु की अधिकतम सीमा वर्गवार शासन द्वारा समय—समय पर जारी निर्देशों के तहत् होगी।

**अन्य नियम एवं शर्तें :—**

1. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है, जो कि नियुक्ति दिनांक से प्रारंभ होकर दिनांक 30.11.2023 तक स्वमेव समाप्त हो जायेगी, जिसके लिये पृथक से आदेश जारी नहीं किया जावेगा।
2. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 से शासित होंगें।
3. आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
4. प्रत्येक पद के लिए अलग—अलग लिफाफे में आवेदन प्रस्तुत करना होगा तथा प्रत्येक लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम, पता स्पष्ट रूप से अंकित जाना होगा।
5. आवेदक का छत्तीसगढ़ राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा।
6. आवेदक विज्ञापन में दर्शित आवश्यक शैक्षणिक एवं अर्हताओं के अनुरूप अपनी अर्हता की जांच स्वयं सुनिश्चित कर लें एवं अर्हता की समस्त शर्तो को पूरा करने की स्थिति से पूर्णतयाः संतुष्ट होने पर ही आवेदन करें। कौशल परीक्षा में सम्मिलित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अर्ह मान लिया गया है, तथा चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर बिना कोई पूर्व सूचना दिये उसकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जावेगी।
7. चयनित अभ्यर्थी जो शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत् है, उन्हें नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. प्रावीण्य सूची में दो या अधिक अभ्यर्थियों के अंक समान होने पर ज्यादा आयु के अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी।
9. चयन उपरांत यदि कोई जानकारी असत्य पायी जाती है तो की गई नियुक्ति निरस्त कर दी जावेगी तथा संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
10. **अभ्यर्थी की नियुक्ति संविदा पद पर होने के पश्चात् वह नियमितिकरण के लिए किसी भी प्रकार का दावा नहीं करेगा।**
11. संविदा नियुक्ति की अवधि में दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
12. चयनित अभ्यर्थी को निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति देना अनिवार्य है, निर्धारित समय/पदस्थापना स्थल पर उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।
13. यदि पूर्णांक/प्राप्तांक की जगह ग्रेड पद्वति से अगर मूल्यांकन किया गया है तब जिस संस्था/स्कूल से परीक्षा उत्तीर्ण की गई है तो उस संस्था प्रमुख से उक्त ग्रेड को पूर्णांक/प्राप्तांक एवं प्रतिशत में परिवर्तित कर प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि आवेदन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अंतिम तिथि के बाद या पृथक से स्वीकार नहीं किया जावेगा।

उपरोक्तानुसार शैक्षणिक अर्हता, कार्यानुभव एवं कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको के योग के आधार पर तैयार मेरिट सूची के अनुसार उक्त पदों पर नियुक्ति प्रदान की जावेगी।

**नियुक्ति के लिए अपात्रता :–**

1. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के नियत की गई न्यूनतम आयु सीमा के पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।
2. कोई भी पुरूष उम्मीदवार जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हो और कोई भी महिला उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले ही एक पत्नी जीवित हो किसी सेवा या पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा/नहीं होगी।
3. किसी भी उम्मीदवार की सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक उसे ऐसे स्वास्थ्य परीक्षा में, जो विहित की जाये, मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ और सेवा या पद के कर्तव्य के पालन में बाधा डाल सकने वाले किसी मानसिक या शारीरिक या शारीरिक दोष से मुक्त न पाया जाये (कर्तव्य पर उपस्थिति देने की स्थिति में जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा)
4. कोई भी उम्मीदवार किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए उस स्थिति में पात्र नहीं होगा, यदि ऐसी जांच के बाद जैसी कि आवश्यकता समझी जाये, नियुक्ति प्राधिकारी को इस बात से समाधान हो जाये कि वह सेवा या पद के लिए किसी दृष्टि से उपयुक्त नहीं है।
5. कोई भी उम्मीदवार जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध या सिद्ध दोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

**चयन प्रक्रिया :–**

1. आवेदन पत्रों की प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 09.06.2023 को कार्यालयीन समय तक प्राप्त की जावेगी। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी/जांच कर पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की सूची पदवार सूचना पटल पर दिनांक 11.06.2023 को सायं 04:00 बजे जिले के वेबसाईट www.korba.gov.in में अपलोड किया जायेगा तथा इस सूची का प्रकाशन उपरांत अभ्यर्थी स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 12.06.2023 तक को सायं: 04:00 बजे तक अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकेंगे।

   दावा आपत्ति पश्चात् सहायक ग्रेड–3 के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक प्रतिशत का 50 प्रतिशत अंक एवं निर्वाचन कार्य का अनुभव के आधार पर प्राप्त अंक को मिलाकर कौशल परीक्षा के लिए तैयार किये गये मेरिट सूची आधार पर नियमानुसार पात्र अभ्यर्थियों की सूची 1:10 के अनुपात में दिनांक 12.06.2023 को सायं: 06:00 बजे तक वेबसाईट/कार्यालय के सूचना पटल पर प्रकाशन किया जावेगा। कौशल परीक्षा में उपस्थित होने के लिए व्यक्तिगत सूचना जारी नहीं की जायेगी।

   केवल सहायक ग्रेड–03 हेतु कौशल परीक्षा दिनांक 13.06.2023 को प्रातः 11:00 बजे स्थान लाईवलीहुड कॉलेज कोरबा में लिया जावेगा। परिणाम सूची एवं अंतिम चयन सूची दिनांक 13.06.2023 को सायं: 06:00 बजे जिला के वेबसाईट में अपलोड कर दी जावेगी साथ ही कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया जायेगा, पृथक से कोई पत्राचार नहीं किया जावेगा।
2. आवेदनों की संख्या अधिक होने की स्थिति में निर्धारित तिथियों में परिवर्तन हो सकती है, जिसे जिले के वेबसाईट में प्रकाशित किया जावेगा।
3. सहायक ग्रेड–03 के पदों लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक प्रतिशत का 50 प्रतिशत अंक एवं 30 अंक दक्षता/कौशल परीक्षा तथा निर्वाचन कार्य के अनुभव के लिये प्रत्येक वर्ष के लिए 10 अंक के मान से अधिकतम 20 अंक (02 वर्षो या इससे अधिक के लिए) दिया जावेगा। यदि कोई अभ्यर्थी 01 वर्ष से कम निर्वाचन कार्य का अनुभव का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करता है तो प्रत्येक माह के लिए 10/12 अंक निर्धारित किया जावेगा।
4. भृत्य पद के लिये अर्हकारी परीक्षा के प्राप्तांक प्रतिशत का 80 प्रतिशत तथा निर्वाचन कार्य में कार्य अनुभव के लिये प्रत्येक वर्ष लिए 10 अंक के मान से अधिकतम 20 अंक ( 02 या उससे अधिक वर्ष के लिए) दिया जावेगा। यदि कोई अभ्यर्थी 01 वर्ष से कम निर्वाचन कार्य का अनुभव का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करता है तो प्रत्येक माह के लिए 10/12 अंक निर्धारित किया जावेगा।
5. अभ्यर्थियों के चयन सूची सहित प्रवर्गवार प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी, त्यागपत्र अथवा अन्य किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को इस प्रतीक्षा सूची से भरा जा सकेगा। चयनित अभ्यर्थियों को जिला निर्वाचन कार्यालय एवं जिले के अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं रिटर्निंग आफिसर कार्यालयों में पदस्थापना दिया जावेगा।

**महत्वपूर्ण निर्देश :–**

1. उम्मीदवार के सभी वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंकसूची की स्वप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
2. आवेदक के सभी प्रमाण पत्र आवेदन की अंतिम तिथि को या उसके पूर्व तक जारी होने चाहिए।
3. आवेदन पत्र के साथ प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किये गये छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. निर्वाचन कार्य में अनुभव के लिये अनुभव प्रमाण पत्र सहित नियोक्ता द्वारा जारी नियुक्ति आदेश की प्रति अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा, केवल शासकीय कार्यालय का अनुभव प्रमाण पत्र मान्य होगा।
5. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में कोई सूचना नहीं दी जायेगी, ऐसे आवेदन पत्र स्वतः अमान्य कर दिये जायेंगे।
6. आवेदन पत्र के साथ पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में ही प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. भर्ती के दौरान किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का संपूर्ण अधिकार **जिला स्तरीय चयन समिति** को होगा, जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।
9. इस भर्ती के संबंध में तिथि परिवर्तन या किसी अन्य महत्वपूर्ण सूचना का प्रकाशन केवल कोरबा जिले के वेबसाईट पर किया जावेगा, किसी भी स्थिति में व्यक्तिगत सूचना नहीं दी जावेगी।

***(जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अनुमोदित)***

**अपर कलेक्टर**
**कोरबा (छत्तीसगढ़)**

पृ. क्रमांक/ 607 /निर्वा.पर्य./स्थापना/वि.स.नि./2023–2024

कोरबा, दिनॉकः– 03/06/2023

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. आयुक्त, बिलासपुर संभाग बिलासपुर को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी जिला–कोरबा की ओर एक प्रति के साथ प्रेषित है, जिले के वेबसाईट www.korba.gov.in में अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. सहायक संचालक, जनसंपर्क विभाग जिला–कोरबा की ओर स्थानीय समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशन हेतु प्रेषित।
5. सहायक प्रोग्रामर जिला निर्वाचन कार्यालय कोरबा को सूचनार्थ एवं जिले के वेबसाईट www.korba.gov.in में अपलोड कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

03·06·2023

**अपर कलेक्टर**
**कोरबा (छत्तीसगढ़)**

छत्तीसगढ़ समाचार

# सहायक ग्रेड–03 / भृत्य पद के संविदा पद हेतु आवेदन

आवेदक का स्वप्रमाणित फोटोग्रफ्स

प्रति,

**कलेक्टर**
**एवं जिला निर्वाचन अधिकारी**
**जिला– कोरबा (छ0ग0)**

1. आवेदित पद का नाम : ..........................................................................
2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) : ..........................................................................
3. आवेदक का पूरा नाम (अंग्रेजी के केपीटल लेटर में) : ..........................................................................
4. पिता / पति का पूरा नाम : ..........................................................................
5. माता का नाम : ..........................................................................
6. जन्मतिथि : ..........................................................................
7 01.01.2023 को आयु (5वीं / 10वीं का मार्कशीट संलग्न करें) वर्ष ................माह..................दिन..................
8. लिंग (महिला / पुरूष / तृतीय लिंग) : ..........................................................................
9. आवेदक की जाति (कृपया जाति अंकित करें) : ..........................................................................
   जाति प्रवर्ग अजा. / अजजा. / अपिव. : ..........................................................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
10. आयुसीमा में छुट चाहते हैं, हॉ / नहीं : ..........................................................................
11. यदि छुट चाहते है तो छुट का आधार : ..........................................................................
    (प्रमाण पत्र संलग्न करें)
12. छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हैं, हॉ / नहीं : ..........................................................................
    (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
13. क्या आप दिव्यांग श्रेणी के है? (हॉ / नहीं) : ..........................................................................
14. आवेदक किस प्रकार की निःशक्तता से बाधित है : ..........................................................................
    (श्रवण / दृष्टि / अस्थि / अन्य)
    (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
15. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कमांक : ............................... दिनांक ........................
16. स्थायी निवास का पता : ..........................................................................
    : ..........................................................................
    पिन कोड ...................... मो0नं0 ......................
17. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता : ..........................................................................
    : ..........................................................................
    पिन कोड .................. मो0नं0 ......................

क्रमशः

18 शैक्षणिक योग्यता (स्व सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड/मण्डल का नाम | परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |
| 6 | | | | | | |
| 7 | | | | | | |

19. अर्हकारी परीक्षा में पूर्णांक/प्राप्तांक के जगह ग्रेड पद्वति से अगर मूल्यांकन किया गया है, तो जिस संस्था/स्कूल से परीक्षा उत्तीर्ण की गई है, उनके प्रमुख से उक्त ग्रेड को पूर्णांक, प्राप्तांक, एवं प्रतिशत में परिवर्तित कर प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि प्रस्तुत करेंगे, जिस पर चयन समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।

20. चयन के पूर्व समस्त प्रमाण पत्रों/दस्तावेजों के सत्यापन हेतु मूल दस्तावेज/प्रमाण पत्रों के साथ अभ्यर्थी को बुलवाया जा सकेगा जिस पर चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

21. क्या आप शासकीय/अर्द्वशासकीय संस्था में वर्तमान में सेवारत है? (हॉ/नहीं) :– ..............................

(वर्तमान अथवा पूर्व सेवाओं का विवरण)

(अ) – धारित पद का नाम :– ..............................

(ब) – कार्य की अवधि :– दिनांक......................से ..................तक कुल अवधि........वर्ष

(स) – नियोक्ता/कार्यालय का नाम पता:– ..............................

:– ..............................

22. क्या आप भूतपूर्व सैनिक है? यदि हॉ तो विवरण देवें:–..............................

23. क्या आप विवाहित है? हॉ/नहीं :– ..............................

यदि हॉ तो विवाह की तिथि अंकित करें :– ..............................

24. जीवित संतानों की कुल संख्या :– ..............................

क्रमशः

25. आवेदित पत्र के साथ संलग्न किये जा रहे सत्यापित दस्तावेजों का विवरण:–

1. ............................................................ 2. ............................................................

3. ............................................................ 4. ............................................................

5. ............................................................ 6. ............................................................

7. ............................................................ 8. ............................................................

आवेदक का हस्ताक्षर

## घोषणा पत्र

मैं ............................................................ आत्मज/आत्मजा/पति श्री ............................................ द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त आवेदन पत्र में दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम विश्वास और ज्ञान के अनुसार सत्य एवं पूर्ण है। मेरे द्वारा आवेदन पत्र में दी गई जानकारी, चयन के पूर्व या उसके बाद गलत अथवा असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जायेगी। यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा तथ्य छुपाये जाने अथवा गलत तथ्य प्रस्तुत करने की स्थिती में या नियुक्ति हेतु किसी प्रकार की अपात्रता का प्रमाण मिलने पर मेरा चयन/नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी तथा नियुक्ति संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जायेगें।

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम :– ............................................
मोबाईल नं0 ....................................

दिनांक :– ..............................
स्थान :– ..............................